भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

11, अशोक रोड, नई दिल्ली - 110001

फोन: 011-23005700, फैक्स: 011-23005787

03 मई, 2017

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा पालमपुर, हिमाचल प्रदेश में आयोजित प्रेस वार्ता में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिंदु

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश भर में जो विकास यात्रा शुरू की है और पूरा देश जिस तरह से इस विकास यात्रा में जुड़ता जा रहा है, उस विकास यात्रा में देवभूमि हिमाचल प्रदेश की जनता भी जुड़ना चाहती है: अमित शाह

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने एक ऐसा सर्व-स्पर्शीय व सर्व-समावेशक विकास का मॉडल देश के सामने रखा है जिस के अंदर हर व्यक्ति का समावेश होता हो और विकास का वह मॉडल हर व्यक्ति के जीवन को स्पर्श करता हो: अमित शाह

****

भारतीय जनता पार्टी का संगठन चुनाव लड़ने के लिए हर प्रकार से तैयार है और मुझे इस बात का पूरा भरोसा है कि इस बार हिमाचल में भी तीन-चौथाई बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है: अमित शाह

****

मैंने सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार का ऐसा उदाहरण कभी नहीं देखा कि भ्रष्टाचार के आरोप को कोई मुख्यमंत्री तमगे की तरह अपने सीने पर गौरव के साथ चिपकाए हुए इस तरह अपनी कुर्सी पर बैठा हुआ हो: अमित शाह

****

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार माफियाओं से घिरी हुई सरकार है, भ्रष्टाचार और अकर्मण्यता में डूबी हुई सरकार है, वन माफियाओं को भी संरक्षण देने वाली सरकार है: अमित शाह

****

13वें वित्त आयोग में सेन्ट्रल टैक्स में जहां हिमाचल प्रदेश की हिस्सेदारी 11131 करोड़ रुपये थी, वहीं मोदी सरकार में 14वें वित्त आयोग में यह हिस्सेदारी करीब तीन गुणा बढ़ कर 28225 करोड़ रुपये हो गयी है: अमित शाह

****

यूपीए के समय हिमाचल को रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट जो 7889 करोड़ रुपये का मिलता था, उसे मोदी सरकार ने लगभग छः गुणा बढ़ा कर 40625 करोड़ रुपये कर दिया गया है: अमित शाह

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने सबसे महत्वपूर्ण काम भारतीय जनता पार्टी 'वन रैंक, वन पेंशन' को लागू करने का किया है, इससे हिमाचल प्रदेश के वीर जवानों को बहुत बड़ा फायदा पहुंचा है: अमित शाह

****

आज देश में लोकाभिमुख नीतियाँ बन रही है, उन नीतियों के अनुरूप ही योजनायें बन रही हैं और उन योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सफल प्रयास भी हो रहा है: अमित शाह

****

काका साहब कालेलकर की रिपोर्ट से लेकर आज तक देश के पिछड़े वर्ग को संवैधानिक मान्यता देने का काम तक नहीं हो पाया था, भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने इस कार्य को पूरा करके पिछड़े वर्ग को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया है: अमित शाह

****

वित्तीय सहायता की दृष्टि से देखें तो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने हर क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश की मांग से भी ज्यादा हिमाचल को देने का प्रयास किया है: अमित शाह

****

'उड़ान' योजना के तहत शिमला को देश के हवाई नक़्शे पर स्थापित करने का काम भी प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों द्वारा हुआ है। हिमाचल प्रदेश के और छोटे-छोटे शहरों को भी एयर-रूट से जोड़ने की योजना है ताकि यहाँ टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा सके: अमित शाह

****

मैं आज हिमाचल सरकार से एक ही अपील करना चाहता हूँ कि मोदी जी ने जो पैसा हिमाचल के विकास के लिए भेजा है, हिमाचल सरकार इसका सही तरीके से उपयोग करे नहीं तो हिमाचल में बनने वाली भाजपा सरकार अवश्य इस काम को भी करेगी: अमित शाह

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भाजपा सरकार जम्मू-कश्मीर की समस्या को बहुत संजीदगी और गंभीरता के साथ देख रही है, इस समस्या को सुलझाने के लिए कोई कोर-कसर छोड़ी नहीं जायेगी और जो भी जरूरी होगा, वह सब किया जाएगा: अमित शाह

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज पालमपुर, हिमाचल प्रदेश में एक प्रेस वार्ता को संबोधित किया और हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर भ्रष्टाचार और विकास के प्रति उसकी उदासीनता व अकर्मण्यता को लेकर करारा प्रहार किया। ज्ञात हो कि माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष संगठन विस्तार के 95 दिनों के अपने विस्तृत प्रवास कार्यक्रम के तहत आज हिमाचल प्रदेश में थे। हिमाचल प्रदेश में उनका दो दिन का प्रवास का कार्यक्रम है जहां वे संगठन के कार्यों की समीक्षा करने के साथ-साथ संगठन को और मजबूत करने के लिए किये जा रहे प्रयासों को भी रेखांकित करेंगे। साथ ही, वे कार्यकर्ताओं के साथ आगामी हिमाचल प्रदेश विधान सभा चुनाव के मद्देनजर रणनीति को भी साझा करेंगे।

माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **आगामी मई में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार के तीन वर्ष पूरे हो रहे हैं और इन तीन सालों में भाजपा सरकार ने हर दृष्टि से देश को ऊपर उठाने का सफल प्रयास किया है।** उन्होंने कहा कि जब हम केंद्र में सत्ता में आये थे तब देश में एक ऐसी सरकार चल रही थी जिसके घपले-घोटाले-भ्रष्टाचार हर महीने एक-एक करके सामने आते रहते थे, 10 वर्षों के कार्यकाल में कांग्रेस-नीत उस यूपीए सरकार ने लगभग 12 लाख करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार अलग-अलग संवैधानिक संस्थाओं के माध्यम से किये थे। उन्होंने कहा कि **आज पिछले तीन वर्ष से केंद्र में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी सरकार चल रही है लेकिन हमारे विरोधी भी भ्रष्टाचार का एक भी आरोप हम पर नहीं लगा सकते।** उन्होंने कहा, जब हम केंद्र में सत्ता में आये थे, तब सरकार में हर तरफ पॉलिसी पैरालिसिस की स्थिति थी, जीडीपी के आंकड़े नीचे जा रहे थे, तीन साल में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के शासन में भारत आज दुनिया में सबसे तेज गति से आगे बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनी है। उन्होंने कहा कि पहले जहां हर क्षेत्र में शिथिलता दिखाई देती थी, वहां आज नए जोश और उत्साह के साथ काम को आगे बढ़ाने का प्रयास हो रहा है।

श्री शाह ने कहा कि **आज लोकाभिमुख नीतियाँ बन रही है, उन नीतियों के अनुरूप ही योजनायें भी बन रही हैं और उन योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का सफल प्रयास भी हो रहा है।** उन्होंने कहा कि **यह इन तीन बिन्दुओं का ही परिणाम है कि श्री नरेन्द्र मोदी सरकार की लोकप्रियता जितनी सरकार चुनने के वक्त थी, उससे भी कई गुणा ज्यादा लोकप्रियता मोदी सरकार की आज है।** उन्होंने कहा कि **केंद्र में हमारी सरकार बनने के बाद इन तीन वर्षों में जितने भी चुनाव संपन्न हुए, उन सभी चुनावों में देश की जनता ने हमें जनादेश देकर अपना आशीर्वाद दिया है।** उन्होंने कहा कि **अभी हाल ही में पांच राज्यों के जो चुनाव हुए हैं, उसमें से उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गोवा और मणिपुर में हमारी सरकार बनी है, उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड में हमें तीन-चौथाई बहुमत प्राप्त हुआ है, यही बताता है कि मोदी सरकार कितनी लोकप्रिय है।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **केंद्र में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद लगभग 105 योजनाओं का सूत्रपात किया गया है।** उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने ऐसे कई कार्य किये हैं जिसे विश्व-स्तर पर मान्यता दी गई है। उन्होंने कहा कि **हाल ही में इसरो ने 104 उपग्रहों को एक साथ अंतरिक्ष में भेजने का काम किया है, मैं मानता हूँ कि यह अंतरिक्ष जगत में हिन्दुस्तान को प्रथम पंक्ति में प्रतिष्ठित करने वाला कदम है।** उन्होंने कहा कि डिमोनेटाईजेशन अपने-आप में एक बहुत बड़ा साहसिक कदम था, जिसके बहुत अच्छे परिणाम अब सामने आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि **काका साहब कालेलकर की रिपोर्ट से लेकर आज तक देश के पिछड़े वर्ग को संवैधानिक मान्यता देने का काम तक नहीं हो पाया था, भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने इस कार्य को पूरा करके पिछड़े वर्ग को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया है।** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री जन-धन योजना और मुद्रा बैंक योजना के माध्यम से देश के गरीबों के जीवन को ऊपर उठाने में मोदी सरकार ने बहुत बड़ी सफलता प्राप्त की है। उन्होंने कहा कि **मुद्रा बैंक योजना ने बेरोजगारी की व्याख्या को नौकरी तक न सीमित करते हुए स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ाने का काम किया है।** उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने स्टार्ट-अप, स्टैंड-अप और स्किल इंडिया के माध्यम से देश के युवाओं को वैश्विक प्लेटफ़ॉर्म उपलब्ध करा कर विश्व के युवाओं के साथ प्रतिस्पर्द्धा करने का अवसर दिया है। उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, नीम कोटेड यूरिया, स्वायल हेल्थ कार्ड और ई-मंडी जैसी योजनाओं के माध्यम से देश के कृषि विकास को एक**

अच्छी गति देने का प्रयास किया गया है। उन्होंने कहा कि **एक सर्व-स्पर्शीय व सर्व-समावेशक विकास का मॉडल कैसा हो सकता है जिस मॉडल के अंदर हर व्यक्ति का समावेश होता हो और विकास का वह मॉडल हर व्यक्ति के जीवन को स्पर्श करता हो, इस प्रकार के विकास का मॉडल नरेन्द्र मोदी सरकार ने देश के सामने रखा है।**

हिमाचल प्रदेश की चर्चा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी का हिमाचल से बहुत पुराना रिश्ता है और मोदी जी इस बात को गर्व के साथ बार-बार दुहराते भी हैं। उन्होंने कहा कि **केंद्र की मोदी सरकार ने हिमाचल प्रदेश के विकास के लिए, यहाँ के लोगों की भलाई के लिए कई सारे कार्य किये हैं।** उन्होंने कहा कि **13वें वित्त आयोग में जहां सेन्ट्रल टैक्स में हिमाचल प्रदेश की हिस्सेदारी 11131 करोड़ रुपये थी, वहीं नीति आयोग के 14वें वित्त आयोग में हिमाचल की हिस्सेदारी करीब तीन गुणा बढ़ कर 28225 करोड़ रुपये हो गयी है, रेवेन्यू डेफिसिट ग्रांट को भी 7889 करोड़ रुपये से लगभग छः गुणा बढ़ा कर 40625 करोड़ रुपये कर दिया गया है, डिजास्टर रिस्पांस के लिए पहले जहां हिमाचल को 650 करोड़ रुपये मिलते थे, अब इसे बढ़ा कर 1174 करोड़ रुपये कर दिया गया है और साथ ही, लोकल बॉडीज ग्रांट के तहत हिमाचल प्रदेश को मिलने वाले 642 करोड़ रुपये की राशि को लगभग तीन गुणा बढ़ा कर 2017 करोड़ रुपया कर दिया गया है।** उन्होंने कहा कि **वित्तीय सहायता की दृष्टि से देखें तो प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने हिमाचल प्रदेश की मांग से भी ज्यादा हिमाचल को देने का प्रयास किया है।** उन्होंने कहा कि **मैं मानता हूँ कि यदि हिमाचल सरकार ने इस धन राशि का सही से उपयोग किया होता तो आज प्रदेश में कोई पैंडिंग इश्यू नहीं होना चाहिए था।**

श्री शाह ने कहा कि **'उड़ान' योजना के तहत शिमला को देश के हवाई नक़्शे पर स्थापित करने का काम भी प्रधानमंत्री जी के कर-कमलों द्वारा हुआ है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश के और छोटे-छोटे शहरों को भी एयर-रूट से जोड़ने की योजना है ताकि यहाँ टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा सके।** उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के माध्यम से हिमाचल प्रदेश में 25000 मेगावाट से ज्यादा हाइड्रो इलेक्ट्रिक पावर का उत्पादन करने की क्षमता वाले तीन प्रमुख परियोजनाओं का उदघाटन किया गया है**, इसमें एनटीपीसी परियोजना, रामपुर परियोजना और पार्वती परियोजना शामिल है। उन्होंने कहा कि इन तीन वर्षों में हिमाचल प्रदेश में राजमार्गों के निर्माण में भी काफी तेज गति से काम हुआ है। उन्होंने कहा कि **यहाँ तक कि हिमाचल प्रदेश सरकार को डीपीआर तक बनाने के लिए केंद्र ने करोड़ों की राशि उपलब्ध कराई है लेकिन दुःख के साथ यह कहना पड़ रहा है कि यह काम भी राज्य सरकार के द्वारा अभी तक पूरा नहीं किया गया।** उन्होंने कहा कि हिमाचल में एम्स देने का काम हुआ है, आईआईएम भी दिया गया है, एक हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बनाने का भी कार्य हुआ है और प्रदेश में रेलवे के विस्तार के लिए भी कई योजनाओं को केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार द्वारा हरी झंडी दी गई है। उन्होंने कहा कि रेलवे विस्तारीकरण के लिए हिमाचल प्रदेश को लगभग 3300 करोड़ रुपये दिए गए हैं जिसमें ऊना-हमीरपुर रेलवे लाइन के लिए 2850 करोड़ रुपये दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि **देश की सुरक्षा के लिए सामरिक दृष्टिकोण से भी 1962 से जिस जिस रेलमार्ग की जरूरत थी, उस भानुपल्ली-बिलासपुर-मंडी-लद्दाख रेल मार्ग को भारतीय जनता पार्टी की मोदी सरकार ने रेखांकित करके उसका सर्वे का काम भी शुरू कर दिया है।** उन्होंने कहा कि **मैं इस मार्ग का महत्त्व इसलिए ज्यादा मानता हूँ क्योंकि यह रेल मार्ग न केवल हिमाचल वासियों के आवागमन के लिए जरूरी है बल्कि देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए भी यह मार्ग बहुत महत्वपूर्ण है** जिस पर भारतीय जनता पार्टी की केंद्र सरकार ने ध्यान देकर उसे आगे बढ़ाया है। उन्होंने कहा कि पंचायत व ग्रामीण विकास के कार्यक्रमों के लिए दी जाने वाली आर्थिक सहायता को भी हमने तीन गुणा बढ़ाया है, स्वास्थ्य सेवाओं के लिए उन्नीस सौ करोड़ रुपए की विभिन्न योजनाओं को

हमने शुरू की है। उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी सरकार ने सबसे महत्वपूर्ण काम भारतीय जनता पार्टी 'वन रैंक, वन पेंशन' को लागू करने का किया है, इससे हिमाचल प्रदेश के वीर जवानों को बहुत बड़ा फायदा पहुंचा है।**

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर कड़ा प्रहार करते हुए भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के भ्रष्टाचार के बारे में तो पूरी दुनिया जानती है, मैं इस के बारे में ज्यादा बात नहीं करना चाहता, मैं इतना जरूर कहना चाहता हूँ कि **मैंने सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार का ऐसा उदाहरण नहीं देखा कि भ्रष्टाचार के आरोप को कोई तमगे की तरह अपने सीने पर गौरव के साथ चिपकाए हुए इस तरह अपनी कुर्सी पर बैठा हुआ हो।** उन्होंने कहा कि **हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार माफियाओं से घिरी हुई सरकार है, रिटायर्ड लोगों से चलती हुई सरकार है जिसके कारण युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, भ्रष्टाचार में डूबी हुई सरकार है, अकर्मण्यता में डूबी हुई सरकार है, वन माफियाओं को भी संरक्षण देने वाली सरकार है।** उन्होंने कहा कि मैं आरोपों लगाने यहाँ नहीं आया हूँ, **मैं आज एक ही अपील हिमाचल सरकार से करना चाहता हूँ कि कम-से-कम मोदी जी ने जो पैसा हिमाचल के विकास के लिए भेजा है, जो कुछ भी समय बचा है, इसमें हिमाचल सरकार इसका सही तरीके से उपयोग करे नहीं तो भारतीय जनता पार्टी की हिमाचल में बनने वाली सरकार अवश्य इस काम को भी करेगी।**

श्री शाह ने कहा कि आने वाले चुनाव के लिए राज्य में भारतीय जनता पार्टी की तैयारियां बहुत अच्छे तरीके से चल रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने अपने संगठन का बहुत तेज गति से विस्तार किया है, त्रिदेव के नाम से हर बूथ पर तीन कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां तय करके सम्मेलन किया गया है, हर सीट, हर बूथ पर संगठन को मजबूत करने का काम पार्टी द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि **भारतीय जनता पार्टी का संगठन चुनाव लड़ने के लिए हर प्रकार से तैयार है और मुझे इस बात का पूरा भरोसा है कि इस बार हिमाचल में भी तीन-चौथाई बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है।** उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने देश भर में जो विकास यात्रा शुरू की है और पूरा देश जिस तरह से इस विकास यात्रा में जुड़ता जा रहा है, उस विकास यात्रा में देवभूमि हिमाचल प्रदेश की जनता भी जुड़ना चाहती है।** उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की 'सबका साथ, सबका विकास' की नीति के अनुरूप हिमाचल प्रदेश का भी विकास होना बहुत जरूरी है।**

एक प्रश्न के उत्तर में माननीय राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र की भारतीय जनता पार्टी की सरकार जम्मू-कश्मीर की समस्या को बहुत संजीदगी और गंभीरता के साथ देख रही है, इस समस्या को सुलझाने के लिए कोई कोर-कसर छोड़ी नहीं जायेगी और जो भी जरूरी होगा, वह सब किया जाएगा।**

(महेंद्र पांडेय)
कार्यालय सचिव